★ प्रस्ताव 23 के पक्ष में तर्क ★

डायलिसिस मरीज़ों के लिए जीवन-रक्षक परिवर्तन

प्रत्येक सप्ताह, अंतिम चरण की गुर्दे की बीमारी वाले 80,000 California वासी राज्य में 600 से अधिक व्यावसायिक डायलिसिस सेंटरों में से किसी में जाते हैं जहां वे एक मशीन से कनेक्ट रहते हुए तीन से चार घंटे बिताते हैं जो उनके रक्त को निकालती है, उसे साफ करती है, और वापस उनके शरीर में पहुंचाती है। एक प्रकार से डायलिसिस ही उन्हें जीवित रखता है, और उन्हें अपने बाकी के जीवन के लिए उपचार जारी रखना ज़रूरी होता है, या जब तक कि उनका गुर्दा ट्रांसप्लांट प्राप्त नहीं हो जाता।

इन साथी California वासियों के जीवन डायलिसिस पर इतने अधिक निर्भर हैं कि इसे सुरक्षित और प्रभावी दोनों तरह से किया जाता है, हम अपना पूरा समर्थन, *Protect the Lives of Dialysis Patients Act (डायलिसिस मरीजों के जीवन की रक्षा का अधिनियम)* नवंबर 3 के मतपत्र पर दिखने वाली एक पहल, को देते हैं। यह पहल डायलिसिस उपचार में कुछ सामान्य सुधार करेगी जिससे हमारे समाज में चिकित्सीय तौर पर सबसे कमजोर लोगों में से कुछ की रक्षा होगी।

यह पहल चार बड़े काम करती है:

पहला, इसमें किसी भी समय मरीज़ों का उपचार किए जाने पर एक चिकित्सक या नर्स का क्लिनिक में होना आवश्यक है, जिसकी वर्तमान में आवश्यकता नहीं है। डायलिसिस एक खतरनाक प्रक्रिया है, और अगर कोई काम गलत होता है, तो एक डॉक्टर या उच्च प्रशिक्षित नर्स को वहां मौजूद होना चाहिए।

दूसरा, डायलिसिस मराजों को उनके उपचारों से संक्रमण होने का जोखिम रहता है जिससे अधिक गंभीर बीमारियां या मृत्यु भी हो सकती है। इस पहल में क्लीनिकों के लिए राज्य और संघीय सरकार को संक्रमणों पर सटीक आंकड़ों की रिपोर्ट देने की आवश्यकता है जिससे मरीज़ों की रक्षा के लिए समस्याओं की पहचान कर उनका समाधान किया जा सके।

तीसरा, अन्य सभी जीवन-रक्षक स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं की तरह, डायलिसिस निकाय राज्य की अनुमति के बिना क्लीनिकों को बंद या अपनी सेवाओं को कम नहीं कर सकते। इसे मरीज़ों, विशेष तौर पर ग्रामीण समुदायों में, की रक्षा करने के लिए भी तैयार किया गया है, जिससे उनके पास डायलिसिस उपचार तक पहुंच को सुनिश्चित किया जा सके, और डायलिसिस निकायों को अपना मुनाफा बढ़ाने के लिए बंद करने के इस्तेमाल से रोका जाए।

चौथा, यह क्लीनिकों को मरीज़ों के पास बीमा के प्रकार के आधार पर उनके साथ भेदभाव करने पर रोक लगाता है, और यह प्रत्येक क्लिनिक में मरीज़ों की रक्षा करता है। इससे फर्क नहीं पड़ता कि वे किसी समृद्ध क्षेत्र में मौजूद हैं या किसी निर्धन, ग्रामीण, ब्लैक, ब्राउन समुदाय में, सभी क्लीनिकों के लिए साइट पर एक चिकित्सक या नर्स का होना आवश्यक होगा, उन्हें अपने संक्रमण की दरों की रिपोर्ट राज्य और संघीय सरकार को देनी होगी, और सभी डायलिसिस निकायों पर मरीज़ों के बीमा के प्रकार के आधार पर उनके विरुद्ध भेदभाव करने पर रोक होगी।

जब डायलिसिस उद्योग यह दावा करता है कि पहल से बहुत अधिक नई लागतें होंगी या कहता है कि मरीज़ों को नुकसान होगा या दावा करता है कि इससे चिकित्सकों की कमी हो जाएगी तो उसकी बात न सुनें — ये झूठे तर्क केवल मरीज़ों और कोरोना वायरस महामारी का इस्तेमाल कर उनके बेईमान जन संपर्क अभियान में डराने की चालों के तौर पर दिए जा रहे हैं। तथ्य यह है कि, ये निकाय आसानी से ये बदलाव कर सकते हैं और इसके साथ ही हमारी स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में रुकावट डाले बिना एक वर्ष में कई सैकड़ों मिलियन डॉलर कमा सकते हैं।

प्रस्ताव 23 वे बदलाव करेगा जिनकी हमें डायलिसिस मरीज़ों की वास्तव में रक्षा करने के लिए आवश्यकता है। हम आपसे हां में मतदान करने का निवेदन करते हैं!

MEGALLAN HANDFORD, डायलिसिस रजिस्टर्ड नर्स

PASTOR WILLIAM D. SMART, JR.
Southern Christian Leadership Conference of Southern California

CARMEN CARTAGENA, डायलिसिस मरीज़

★ प्रस्ताव 23 के पक्ष में तर्क का खंडन ★

प्रस्ताव 23 एक खतरनाक, खर्चीला उपाय है कि जिसके लिए निधि की व्यवस्था एक विशेष हित समूह कर रहा है जिसके पास डायलिसिस के बारे में कोई विशेषज्ञता नहीं है। 100 से अधिक अग्रणी संगठन प्रभावशाली तरीके से निवेदन कर रहे हैं: 23 पर नहीं।

- AMERICAN NURSES ASSOCIATION\CALIFORNIA चेतावनी देता है कि प्रस्ताव 23 खतरनाक है: *"गुर्दे के बेकार होने के साथ लगभग 80,000 California वासी जीने के लिए डायलिसिस पर निर्भर हैं। प्रस्ताव 23 गैर-आवश्यक, महंगी आवश्यकताएँ जोड़ता है जिससे सैंकड़ों डायलिसिस क्लिनिक बंद हो सकते हैं — देखभाल तक पहुंच खतरनाक तरीके से कम होगी और हजारों कमजोर मरीज़ों के लिए गंभीर जोखिम होगा।"*
- CALIFORNIA चिकित्सीय संगठन प्रस्ताव 23 पर नहीं का निवेदन करता है: *"प्रस्ताव 23 से हजारों चिकित्सक अस्पतालों और क्लीनिकों से चले जाएंगे—जहां उनकीआवश्यकता है — और उन्हें डायलिसिस क्लीनिकों में कार्यालय की नौकरियों में रखा जाएगा जहां उनकी आवश्यकता नहीं है। प्रस्ताव 23 हमारी चिकित्सकों की कमी को और बदतर बना देगा और हमें अपने चिकित्सकों से मिलने के लिए लंबा इंतजार करना होगा।"*
- DIALYSIS PATIENT CITIZENS, 28,000 मरीज़ों का प्रतिनिधित्व करने वाला मरीज़ों के अधिवक्ता संगठन: *"प्रस्ताव 23 देखभाल तक पहुंच को खतरे में डालता है, जिससे डायलिसिस मरीज़ों को उपचार नहीं मिलने के कारण मृत्यु का अधिक जोखिम होगा।"*
- NAACP CALIFORNIA: *"गुर्दे की बीमारी बिना किसी अनुपात के अश्वेत लोगों को प्रभावित करती है। प्रस्ताव 23 अल्पसंख्यक मरीज़ों और सुविधाहीन समुदायों में लोगों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाता है।"*
- CALIFORNIA करदाता संरक्षण समिति: *"प्रस्ताव 23 से स्वास्थ्य देखभाल की लागतें सालाना $320,000,000 बढ़ जाएंगी। यह बहुत अधिक वृद्धि पहले से वित्तीय तौर पर संघर्ष कर रहे California वासियों को चोट पहुंचाएगी"*

प्रस्ताव 23 का कोई मतलब नहीं है।

प्रत्येक डायलिसिस मरीज़ पहले से अपने गुर्दे के चिकित्सक की देखभाल में है। और डायलिसिस के उपचार विशेष रूप से प्रशिक्षण प्राप्त डायलिसिस नर्सों और तकनीशियनों द्वारा दिये जाते हैं। इसके अतिरिक्त, संघीय और राज्य सरकार डायलिसिस क्लीनिकों का विस्तृत नियंत्रण करती हैं और California के क्लीनिकों को क्लीनिक से संबंधित गुणवत्ता में प्रदर्शन अन्य राज्यों से अच्छा है।

चिकित्सकों, नर्सों, सामाजिक न्याय और मरीज़ों के अधिवक्ताओं के साथ जुड़ें: 23 पर नहीं का मतदान दें!

www.NoProposition23.com

MARKETA HOUSKOVA, DNP, RN, कार्यकारी निदेशक
अमेरिकी नर्स संगठन\California

DEWAYNE COX, गुर्दा डायलिसिस मरीज़

PETER N. BRETAN, MD, अध्यक्ष
California चिकित्सा संगठन

इस पृष्ठ पर मुद्रित तर्क लेखकों के निजी विचार हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनका सत्यापन नहीं किया गया है।

★ प्रस्ताव 23 के विपक्ष में तर्क ★

नर्सें, चिकित्सक और मरीज़ 23 पर नहीं का निवेदन करते हैं - खतरनाक और खर्चीला डायलिसिस प्रस्ताव

खराब गुर्दे वाले लगभग 80,000 California वासी जीवित रहने के लिए एक सप्ताह में तीन बार डायलिसिस उपचार प्राप्त करते हैं। डायलिसिस उपचार शरीर से विषैले तत्वों को हटाकर गुर्दों का कार्य करता है। किसी एक बार के उपचार को चूकने से मरीज़ के लिए मृत्यु का जोखिम 30% बढ़ जाता है।

प्रस्ताव 23 उन हजारों California वासियों के लिए देखभाल तक पहुंच में गंभीर रुकावट डालता है जिन्हें जीवित रहने के लिए डायलिसिस की आवश्यकता है। इसीकारण से अमेरिकी नर्स संगठन\California, California चिकित्सीय संगठन और मरीज़ों के अधिवक्ता प्रस्ताव 23 का विरोध करते हैं।

प्रस्ताव 23 सामुदायिक डायलिसिस क्लीनिकों को सेवाओं को घटाने और बंद करने के लिए मजबूर करेगा—जिससे जीवनों को जोखिम होगा।

प्रस्ताव 23 डायलिसिस क्लीनिकों को साइट पर हर समय एक चिकित्सक प्रशासक रखने के लिए मजबूर करेगा, हालांकि, वे मरीज़ों की देखभाल नहीं करेंगे। प्रत्येक डायलिसिस मरीज़ पहले ही अपने व्यक्तिगत गुर्दा चिकित्सक की देखभाल में है और डायलिसिस उपचार विशेष रूप से प्रशिक्षित और अनुभवी डायलिसिस नर्सों और तकनीशियन द्वारा दिये जाते हैं।

बेकार नौकरशाही नियम से क्लीनिकों की लागतें सालाना सैंकड़ों मिलियन डॉलर बढ़ जाएगी, जिससे सभी क्लीनिकों में से आधे के बंद होने का जोखिम होगा।

"प्रस्ताव 23 देखभाल तक पहुंच खतरनाक तरीके से घटाता है, कमजोर मरीज़ों को इससे गंभीर जोखिम होगा" —*Marketa Houskova, Doctor of Nursing Practice, RN, अमेरिकी नर्स संगठन|California*

प्रस्ताव 23 से हमारी चिकित्सकों की कमी और बदतर हो जाएगी और इससे एमरजेंसी रूम में भीड़ बढ़ेगी।

"प्रस्ताव 23 से हजारों चिकित्सक अस्पतालों और क्लीनिकों से चले जाएंगेजहां उनकीआवश्यकता है- और उन्हें डायलिसिस क्लीनिकों में कार्यालय की नौकरियों पर रखा जाएगा जहां उनकी आवश्यकता नहीं है। यह समय चिकित्सकों की हमारी कमी को और बदतर करने का नहीं है।" —*Dr. Peter N. Bretan, MD, अध्यक्ष, California चिकित्सीय संगठन*

एमरजेंसी रूम चिकित्सक प्रस्ताव 23 का कड़ा विरोध करते हैं। इससे डायलिसिस क्लिनिक बंद होने के लिए मजबूर होंगे-हजारों कमजोर मरीज़ों को एमरजेंसी रूम में भेजा जाएगा, ER के लिए लंबी प्रतीक्षा होगी और गंभीर आपात स्थितियों से निपटने की क्षमता घटेगी।

प्रस्ताव से प्रस्ताव 23 स्वास्थ्य देखभाल की लागत सैंकड़ों मिलियन बढ़ जाएगी।

Berkeley अनुसंधान समूह के एक अध्ययन के अनुसार, प्रस्ताव23 स्वास्थ्य देखभाल की लागतें सालाना $320 मिलियन बढ़ा देगा। यह अत्यधिक वृद्धि विशेष तौर पर नुकसान पहुंचाने वाली है जब बहुत से California वासी वित्तीय तौर पर संघर्ष कर रहे हैं।

डायलिसिस क्लीनिकों पर कड़ा नियंत्रण है और ये उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल उपलब्ध कराते हैं।

संघीय और राज्य सरकार विस्तृत रूप से डायलिसिस क्लीनिकों पर नियंत्रण करती हैं। Medicare और Medicaid सेवाओं के संघीय केंद्रों के अनुसार, California के गुर्दा क्लीनिकों की क्लिनिक संबंधी गुणवत्ता और मरीज़ों की संतुष्टि में अन्य राज्यों की तुलना में प्रदर्शन काफी अच्छा है।

"प्रत्येक गुर्दा मरीज़ एक चिकित्सक गुर्दा विशेषज्ञ की देखभाल में हैं, और डायलिसिस उपचार विशेष रूप से प्रशिक्षित नर्सों और तकनीशियनों द्वारा दिए जाते हैं। चिकित्सक प्रशासकों को संपूर्ण समय साइट पर रखने का कोई मतलब नहीं है" —*Dr. Jeffrey A. Perlmutter, MD, अध्यक्ष, Renal Physicians Association, 3,500 गुर्दा चिकित्सकों का प्रतिनिधित्व करने वाला संगठन*

हमारी पहल प्रणाली का एक अन्य विशेष हित दुरुपयोग

प्रस्ताव 23 को बढ़ावा देने वाले इसी समूह ने पिछले चुनाव में इसी तरह के एक उपाय पर जोर देने के लिए $20,000,000 खर्च किए थे जिसे मतदाताओं ने अस्वीकार कर दिया था। वे दोबारा इस पर जोर डाल रहे हैं, एक खतरनाक डायलिसिस प्रस्ताव को आगे बढ़ाया जा रहा है।

चिकित्सक, नर्स, और मरीज़ों के अधिवक्ता: 23 पर नहीं में मतदान करें!

• अमेरिकी नर्स संगठन\California • California चिकित्सा संगठन • Chronic Disease Coalition • NAACP California • Latino Diabetes Association • Women Veterans Alliance • Minority Health Institute

www.NoProposition23.com

MARKETA HOUSKOVA, DNP, RN, कार्यकारी निदेशक
अमेरिकी नर्स संगठन\California

LETICIA PEREZ, गुर्दा डायलिसिस मरीज़

PETER N. BRETAN, MD, अध्यक्ष
California Medical Association

★ प्रस्ताव 23 के विपक्ष में तर्क का खंडन ★

डायलिसिस निगम अपने मुनाफों को सुरक्षित करना चाहते हैं

2018 में, California डायलिसिस उद्योग ने डायलिसिस क्लीनिकों में स्थितियों को सुधारने और बढ़े हुए बिलों से मरीज़ों की रक्षा करने वाली एक पहल को हराने के लिए रिकॉर्ड *$110 मिलियन* खर्च किए थे।

उन्होंने इतना अधिक खर्च क्यों किया था? *California में 2018 में अपने $468 मिलियन के मुनाफे को सुरक्षित करने के लिए।*

मरीज़ों के लिए, डायलिसिस जीवन रक्षक है। लेकिन उद्योग के कार्यकारियों के लिए, यह कमाई का एक बहुत बड़ा जरिया है, इस कारण से वे दोबारा इस पर जोर दे रहे हैं, क्लीनिकों को बंद करने की चेतावनी के द्वारा डराया जा रहा है, अगर प्रस्ताव 23 पारित होता है और उन्हें उच्च मापदंडों के लिए जवाबदेह बनाया जाता है। एक बार फिर वे बहुत अधिक बीमार मरीज़ों का बेदर्दी से अपने भत्तों और मिलियन-डॉलर वेतनों को बचाने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं।

उनका यह दावा झूठा है कि पहल से उनकी लागतें बहुत अधिक बढ़ जाएंगी, *यह एक बहुत अधिक संदिग्ध "अध्ययन" पर आधारित है जिसके लिए उन्होंने भुगतान किया है।*

इस दावे का चिकित्सक विरोध कर रहे हैं, *लेकिन उन चिकित्सकों में से बहुत से उनसे भुगतान लेते हैं।*

उनका कहना है कि इससे चिकित्सकों की कमी होगी और एमरजेंसी रूम में भीड़ बढ़ेगी, *लेकिन गुर्दा चिकित्सक ER में काम नहीं करते।*

उनका कहना है कि डायलिसिस क्लीनिकों पर पहले ही बहुत अधिक नियंत्रण है, *लेकिन वे अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की तुलना में बहुत कम जांचों का सामना करते हैं, और इसके बावजूद कमियों को अक्सर छिपाया जाता है।*

प्रस्ताव 23 मरीज़ों के जीवन की रक्षा के लिए सामान्य समझ वाले सुधार करता है, जैसे आपात स्थितियों से निपटने के लिए साइट पर एक चिकित्सक का मौजूद होना, सेंटरों के लिए संक्रमण के आंकड़ों की रिपोर्ट देना अनिवार्य बनाना, मरीज़ों के बीमा के प्रकार के आधार पर उनके साथ भेदभाव समाप्त करना, और किसी क्लिनिक को बंद करने की स्वीकृति राज्य द्वारा दिया जाना अनिवार्य बनाना, जिससे मरीज़ों को उपचार की कमी न हो।

एक बार और सभी के लिए, California वासी *YesOnProp23.com* पर मतदान करके कमजोर गुर्दा मरीज़ों की रक्षा कर सकते हैं।

EMANUEL GONZALES, डायलिसिस तकनीशियन
PASTOR WILLIAM D. SMART, JR.
Southern Christian Leadership Conference of Southern California
ROBERT VILLANUEVA, गुर्दा मरीज़

इस पृष्ठ पर मुद्रित तर्क लेखकों के निजी विचार हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनका सत्यापन नहीं किया गया है।